# राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान

(मानित विश्वविद्यालय)

(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के तत्त्वाधान में संचालित)

जनकपुरी, नई दिल्ली-110058


दिनांक:-04.01.2020

## विद्यावारिधि प्रवेश अधिसूचना-2019-20

विद्यावारिधि प्रवेश परीक्षा-2019-20 में उत्तीर्ण छात्रों का आरक्षण नियमानुसार विद्यावारिधि प्रवेश हेतु अर्ह अभ्यार्थियों की सूची **पूर्व में संस्थान की वेबसाइट में दिया जा चुका है**। परामर्श (Counselling)/पंजीयन के लिये यह सूचना प्रवेश का अधिकार प्रदान नहीं करता। परामर्श (Counselling) के बाद चयन होने की स्थिति में उसी दिन रू. **6,800/-** जमा कराना होगा। परामर्श (Counselling)/पंजीयन हेतु निर्धारित दिनांक 01.02.2020 एवं 02.02.2020 तक गंगानाथ झा परिसर, प्रयागराज में उपस्थित होना अनिवार्य है। यदि निर्धारित तिथि में उपस्थित नहीं होने, उक्त राशि जमा न कराने तथा निम्नलिखित आवश्यक प्रमाणपत्रों की मूल प्रतियाँ इत्यादि प्रस्तुत नहीं करने पर प्रवेश दिया जाना सम्भव नहीं होगा, और प्रवेश की पात्रता स्वत: निरस्त हो जायगी।

आवश्यक प्रमाणपत्र-

(1) विद्यावारिधि प्रवेश परीक्षा के ऑन लाईन आवेदनपत्र एवं प्रवेशपत्र।

(2) जन्मतिथि के प्रमाण के लिये मैट्रिक/सेकेण्डरी/समकक्ष परीक्षा का प्रमाणपत्र तथा अंकतालिका।

(3) उच्च माध्यमिक/वरिष्ठ माध्यमिक/समकक्ष परीक्षा की अंकतालिका।

(4) बी.ए.(संस्कृत)/शास्त्री/समकक्ष परीक्षा की अंकतालिका।

(5) एम.ए. (संस्कृत)/आचार्य/समकक्ष परीक्षा की अंकतालिका

(6) यदि आप अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति पिछड़ा वर्ग/आर्थिक रूप से कमजोर (EWS) से सम्बन्धित हैं तो सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणित प्रमाणपत्र।

(7) दिव्यांग होने की स्थिति में चिकित्सक द्वारा प्रदत्त कम से कम 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए।

(8) चिकित्सकीय प्रमाणपत्र।

(9) प्रव्रजन प्रमाणपत्र (Migration Certificate)

(10) स्थानान्तरण एवं चरित्र प्रमाणपत्र। (Transfer Certificate & Character Certificate)

(11) रैगिंग के विरोध संस्थान द्वारा निर्धारित शपथ पत्र (संस्थान वेब-साइट पर उपलब्ध) (Anti- ragging Affidavit)

**आवश्यक सूचनाएँ-**

- पंजीकरण परामर्श समिति द्वारा पात्रता सिद्ध होने पर ही प्रवेश दिया जाएगा।
- काउन्सलिंग एवं पंजीयन दिनांक 01.02.2020 एवं 02.02.2020 को होगा।
- आपके द्वारा आॅनलाइन आवेदनपत्र में दी गई जानकारी के आधार पर ही आपको परामर्श (Counselling)/पंजीयन के लिए सूचना दी गई है। आपके द्वारा दी गई जानकारी वास्तविक जाँच में यदि असत्य पायी गयी तो आपको प्रवेश निरस्त माना जाएगा। इसके लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगे। पंजीयन संबंध में परामर्श समिति का निर्णय मान्य होगा।
- पंजीयन के उपरान्त दिनांक 03.02.2020 से षाण्मासिक पाठ्यक्रम की कक्षा प्रारम्भ होगी। यदि आप अर्हता रखते हैं तो आप अपने साथ पूरा सामान लेकर गंगानाथ परिसर, प्रयागराज में निर्धारित तिथि को उपस्थित होना अनिवार्य है।
- उपरोक्त परामर्श एवं पंजीकरण सम्बन्धित सूचना संस्थान की बेव साइट के अतिरिक्त पोस्ट या अन्य माध्यम से नहीं भेजा जाएगा।

| क्र. सं. | काउन्सलिग एवं पंजीकरण दिनांक | वरीयता क्रम |
|---|---|---|
| 1- | 01-02-2020 | 01 से 42 तक |
| 2- | 02-02-2020 | 43 से 82 तक |

ह.-

**शोध एवं प्रकाशन (प्र.)**